तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 26 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



सुशासन तिहार के जरिए शासन की योजनाओं को हर गांव और जरूरतमंद तक पहुंचाने किया जा रहा का कार्य : सिदार

12




## खबर संक्षेप

### दसवीं-बारहवीं मुख्य परीक्षा के अंकसूची का वितरण आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों की मुख्य परीक्षा 2026 की अंकसूची का वितरण मंगलवार 26 मई को प्रातः 9:45 बजे से समन्वयक केंद्र, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय क्रमांक-02 खोखराभांठा जांजगीर में किया जाएगा। सभी प्राचार्यों से कहा गया है कि वे स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिकृत कर्मचारी को अधिकार पत्र एवं विद्यालय की सील के साथ भेजकर अंकसूची प्राप्त करें।

### सार्वजनिक कार्यक्रम में अमिता का सम्मान करने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी को पत्र लिखकर जांजगीर-चाम्पा जिले के चाम्पा नगर में रहने वाली पर्वतारोही अमिता श्रीवास को सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मान करने का आग्रह किया है। पर्वतारोही अमिता ने पिछले दिनों अपने अद्भुत कौशल व अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुये माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया जो इस प्रदेश व देश के लिये अत्यंत ही गौरव का विषय है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने इस साहसिक व ऐतिहासिक कार्य के लिये पर्वतारोही अमिता श्रीवास को शुभकामनाएं दी तथा उनके शीघ्र ही स्वस्थ होनी की कामना की।

### परियोजना अधिकारी के विरूद्ध की कार्रवाई की अनुशंसा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी पामगढ़ के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि जनदर्शन के माध्यम से ग्राम पंचायत मेकरी आंगनबाड़ी केन्द्र 03 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदोन्नति के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। मामले में रवि कुमार शर्मा, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, पामगढ़ को कारण बताओ सूचना जारी कर निधारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था, किन्तु उनके द्वारा निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नही करने के कारण पुनः कारण बताओ सूचना जारी कर निधारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है। परियोजना अधिकारी पामगढ़ के द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब आज दिनांक तक प्रस्तुत नही किया गया गया है, उक्त कृत्य शासकीय आदेशों एवं वरिष्ठ अधिकरियों के निर्देशों की अवहेलना तथा शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता को प्रदर्शित करता है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने रवि कुमार शर्म के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग को अनुशंसा की है।

### हाथी शावकों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग सतर्क

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत आमामुड़ा तालाब में हाथी शावक की मृत्यु की घटना के बाद वन विभाग ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा हाथियों की सुरक्षा एवं मानव.वन्यजीव सहअस्तित्व को मजबूत करने के उद्देश्य से संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी एवं प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ जितेंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आमामुड़ा तालाब में हाथी शावक की मृत्यु की घटना अत्यंत संवेदनशील एवं दुखद है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पूरी रात स्थिति की निगरानी की गई तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

---

### लोड बढ़ने से पावर कट की परेशानी, मेटेनेंस में करनी पड़ रही मशक्कत

# भीषण गर्मी में 160 से बढ़कर 200 मेगावाट तक पहुंची बिजली की खपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



भीषण गर्मी के चलते बिजली की खपत भी बढ़ती जा रही है। जिले में सामान्य दिनों में प्रतिदिन 130 मेगावाट बिजली की खपत होती है। गर्मी के दिनो में यह आंकडा बढकर 160 मेगावाट पहुंच गया था, जो अब पिछले कुछ दिनों से बढ़कर 200 मेगावाट तक रोजाना जा पहुंचा है। बढ़ती खपत से लोड भी बढ़ रहा है, जिससे पावर कट की समस्या भी आ रही है। ऐसे में विभाग के अमले को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सबसे गर्म स्थान माने जाने वाले जांजगीर-चांपा जिले में इन दिनो भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान भी 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। भीषण गर्मी का असर बिजली पर भी पड़ रहा है। तापमान बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर में लोड भी बढ़ रहा है। वही ट्रांसफार्मर भी खराब हो रहे है। ठंड एवं बरसात के दिनो में जिले में जहां 130 मेगावाट बिजली की खपत से ही काम चल जाता है। वहीं गर्मी में यह आंकड़ा 160 मेगावाट जा पहुंचा था जो अब बढ़कर 200 मेगावाट तक पहुंच गया है। खासकर गर्मी के दिनो में तो बिजली की खपत लगातार बढ रही है। लोग अपने घरो में पंखा, कुलर, एसी का उपयोग लगातार गर्मी से बचाव को लेकर कर रहे है। वहीं ज्यादा लोड नही सह पाने की स्थिति में ट्रांसफार्मर भी खराब होने लग जाते है। जानकारी के अनुसार अकलतरा वितरण केन्द्र में 132 केवी विद्युत व्यवस्था संचालित होती है। वहीं बिजली की खपत करीब 44 मेगावाट है। इसी प्रकार शिवरीनारायण विद्युत केन्द्र में 132 केवी विद्युत व्यवस्था चलती है। वही यहां से 36 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। बनारी वितरण केन्द्र से 132 केवी व्यवस्था बनाई गई है। यहां से 36 मेगावाट बिजली की खपत रोजाना हो रही है। इसी प्रकार चाम्पा वितरण केन्द्र में 132 केवी व्यवस्था लोगों के लिए बनाई गई है, जहां से प्रतिदिन करीब 43 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। बिजली की खपत बढ़ने से पावर कट की समस्या भी आ रही है। सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने से ट्रिपिंग हो रही है। दिन में कई बार बिजली की आवाजाही होती रहती है।

**बढ रही खपत**

भीषण गर्मी के चलते इन दिनो बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। विभाग की टीम के द्वारा समस्या आने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य किया जाता है।

-**अमर चौधरी,** अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

### बिजली कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान



**बिर्रा।** विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में बिजली की बार-बार कटौती से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय की स्थापना बिर्रा में किया गया है। बिर्रा के बाजार चौक में 33/ 11 के वी विद्युत सब स्टेशन की स्थापना सालों पहले किया गया है। लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। हालांकि क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिर्रा में विद्युत वितरण केंद्र खुलने से मन में आस जगी थी कि अब बिजली कटौती नहीं होगी। लेकिन प्रत्येक दिन बिजली कटौती हो रही है। कभी डियो के कटने तो कभी जम्फर के कटने या फिर तार टूटने का हवाला देकर दिन भर बिजली बंद करके रखा जा रहा है। हल्की सी हवा चलने या बूंदाबादी होते ही विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में बिजली की बार बार कटौती से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि अगर मौहाडीह में या बसंतपुर, देवरहा में बिजली की कोई भी समस्या आती है तो सबसे पहले बिर्रा की सिटी लाइन को बंद कर दी जाती है। उसके बाद कर्मचारी वहां जाकर फाल्ट को सुधारता है, जहां समस्या है वहां जंपर काटकर सुधार कार्य नहीं किया जाता है, जिसके कारण बिर्रा के व्यापारियों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की प्रत्येक दिन की बार-बार की आवा जाही से न दिन में आराम मिल रहा है ना रात में सुकून मिल पा रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली सुधार कर स्थाई रूप से विद्युत सप्लाई करने की मांग जिला के कलेक्टर से की हैं। बिजली की दिन रात की कटौती और आंख मिचौली से विद्युत उपभोक्ताओं को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विद्युत वितरण केन्द्र बिर्रा के जूनियर इंजीनियर उदय राठौर का कहना है कि बिर्रा में विभिन्न स्थानों पर केबल सुधार कार्य चल रहा है जिससे डीओ ग्रिप काटने के लिए लाइन बंद करना पड़ रहा है।

# सहायक पोस्टमास्टर ने किया 19 लाख का गबन

### » पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

पोस्ट ऑफिस अकलतरा में पदस्थ सहायक डाकपाल ने 19 लाख 21 हजार रुपए का गबन कर लिया। जुआ और शेयर मार्केट की लत में पड़कर सहायक डाकपाल ने धोखाधड़ी की। अकलतरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

अकलतरा पोस्ट ऑफिस में पदस्थ सहायक डाकपाल संदीप कुमार मिरी ने शेयर मार्केट और जुए की लत के कारण कुल 19 लाख 21 हजार रुपये का गबन किया था। अकलतरा डाकघर में हुए गबन की जांच के लिए गठित संयुक्त टीम ने जांच में पाया कि उसने फर्जी तरीके से कई खाताधारकों के पैसों पर हाथ साफ किया। जांच में सामने आया कि 4 अलग-अलग खातों धारकों से रकम निकालकर कुल 19 लाख 21 हजार रुपये धोखाधड़ी कर गबन कर लिए। मामले में पीड़ित खाताधारकों की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि संदीप मिरी पर पहले से करीब 20 लाख रुपये का कर्ज था। कर्ज के दबाव और शेयर मार्केट व जुए की लत ने उसे अपराध की राह पर धकेल दिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त मोबाईल दो नग, शेयर मार्केट के एप्लीकेशन ग्रो एप एवं एंजल एप डिमेट एकाउंट का स्टेटमेंट जिसमें लगभग 40 लाख रूपये शेयर मार्केट में गवाना पाया गया। लगभग 20 लाख से उपर के लोन लिये गये है का स्टेटमेंट बैंक से प्राप्त किया गया। उसने वर्ष 2021 से शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के माध्यम से लगातार पैसा गवाने पर उसने बैंक से लोन लेना चालू किया। अलग-अलग बैंको से लगभग 12 लाख रूपये एवं पोस्ट आफिस विभाग से 12 लाख रूपये का लोन लिया था। लोन के पैसे को शेयर मार्केट में लगा दिया था। लोन अधिक होने से पोस्ट आफिस के ग्राहक का फर्जी खाता खोलकर उपरोक्त चारो खातों से पैसा निकाल कर लोन की किस्त चुकाई। अकलतरा पुलिस ने बलौदा निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार मिरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आरक्षक राजा रात्रे का योगदान रहा।



बारगांव में अवैध उत्खनन कर हाइवा में लोड किया जा रहा मुरुम।

# मुरुम का अवैध उत्खनन करते चैन माउन्टेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

मुरुम का अवैध उत्खनन करते एक चैन माउन्टेन मशीन के साथ ही परिवहन करते 3 हाइवा को जब्त किया गया है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर कार्रवाई की है।

सोमवार 25 मई को पामगढ़ अनुविभागीय अधिकारी (रा) आर के तम्बोली के नेतृत्व में ग्राम बारगांव में टीम ने दबिश दी। इस दौरान चेन माउन्टेन से अवैध मुरुम उत्खनन किया जा रहा था। वहीं हाइवा से परिवहन हो रहा था। चैन माउंटेन एवं 3 हाइवा को जप्त किया गया। चैन माउन्टेन को मौके पर डीजल की अनुपलब्धता होने के कारण चालक की सुपुर्दगी में देकर मौका पंचनामा की कार्यवाही की गई। जप्त किये गए 3 हाइवा को थाना पामगढ़ की सुपुर्दगी में दिया गया। पामगढ़ के नेवराबन्द बस्ती से बारगांव तक पक्की सड़क की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गई है, जिसका कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कर मुरुम से समतली करन का कार्य किया जा रहा है। जिसमे डालने के लिए मुरुम का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। मुरुम उत्खनन हेतु ठेकेदार द्वारा विधिवत लीज या खदान हेतु अनुमति नही ली गई थी। सूचना पर एसडीएम आर.के. तम्बोली ने छापा मारकर अवैध खनन एवं परिवहन मे लगे एक चैन माउंटेन एवं तीन हाइवा को जब्त करते हुए कार्रवाई की।

### आवासीय खेल अकादमी बस्तर हेतु चयन ट्रायल 28 एवं 29 को

**जांजगीर-चांपा।** जगदलपुर में फुटबाल, एथलेटिक्स एवं आर्चरी के बालक खिलाड़ियों 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग हेतु आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ की जा रही है। कलेक्टर जिला बस्तर के अनुमोदन उपरांत 28-29 मई को खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, जगदलपुर में किया जाना है। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी ने बताया कि 27 मई शाम 5 बजे तक जांजगीर चांपा जिले के इच्छुक बालक खिलाड़ियों को जो भाग लेना चाहते है वे खेल अधिकारी कार्यालय से सूची सत्यापित कराकर चयन ट्रायल में भाग ले सकते है।

## खाद के लिए पसीना बहा रहे अन्नदाता...



**राहौद।** खरीफ फसल के लिए किसान तैयारियों में जुट चुके है। धान की खेती के लिए खाद का इंतजाम करना इन दिनों किसानों के लिए काफी परेशानी का सबब बना हुआ है। यूरिया और डीएपी की सप्लाई कम है। खुले मार्केट में दोगुने दाम पर खाद बिक रहा है। ऐसे में सोसायटी से खाद लेने किसान मशक्कत कर रहे है। जिले के सेवा समिति मर्यादित राहौद में इन दिनों अन्नदाता किसान सोसायटी के बाहर 44 डिग्री सेल्सियस के भीषण तापमान में खिड़की में खड़े होकर खाद लेने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि समिति के प्रबंधक का आफिस आने का कोई निर्धारित समय नहीं है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### माउंट एवरेस्ट विजेता अमिता के स्वस्थ होने की मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना

**जांजगीर-चांपा।** जिले की पर्वतारोही अमिता श्रीवास ने 22 मई को सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट 8848. 86 मीटर पर तिरंगा लहराकर इतिहास रच दिया। हालांकि इस ऐतिहासिक फतह के बाद बेस कैंप में लौटते समय अत्यधिक ऊंचाई शून्य से 40 डिग्री नीचे तापमान और ऑक्सीजन कमी के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई, उन्हें आपातकालीन स्थिति में हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर काठमांडू के नर्विक इंटरनेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। डॉक्टर के मुताबिक अमिता श्रीवास को गंभीर फ्रास्टबाइट अत्यधिक ठंड से अंगों का सुन होना और हाई एल्टीट्यूड संबंधित स्वास्थ्य की समस्या हुई है। मेडिकल टीम मंदिर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य लाभ की पूजा अर्चना की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर अशोक जक्खसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष लोरमी नगर अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, सचिव मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू दुर्गा यादव, दीपक साहू, तिरिथ साहू उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टीम ने 8 अप्रैल को अमिता श्रीवास के निवास में जाकर उनको शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया था।



# ग्रामीणों को दी गई साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- पामगढ़ पुलिस ने ग्राम पंचायत दर्री में चलाया विशेष जागरुकता अभियान

पामगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत दर्री में नशा मुक्ति एवं सायबर जन जागरूकता विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान गांव में महिला कमांडो टीम का गठन भी किया गया। साथ ही टोपी व सीटी का वितरण किया गया।

थाना प्रभारी पामगढ़ सावन कुमार सारथी द्वारा 24 मई को ग्राम पंचायत दर्री में पहुंचकर व्यापक जन - जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिला कमांडो टीम का गठन किया गया। टीम की महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी की पहचान एवं सतर्कता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क सुरक्षा तथा राहगीरों की सुरक्षा हेतु संचालित राहवीर योजना के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं ग्रामीणों को शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने समझाइश दी गई। महिला संबंधी अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, बाल विवाह एवं महिला सुरक्षा कानूनों के संबंध में भी उपस्थित महिलाओं को जानकारी प्रदान की गई तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया। महिला कमांडो टीम को टोपी, सीटी का वितरण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को समाज में जागरूकता फैलाने, अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने तथा ग्राम स्तर पर सुरक्षा सहयोगी के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पामगढ़ पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानून के प्रति विश्वास बढ़ाना, साइबर अपराधों एवं सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा महिला सुरक्षा एवं सामाजिक सहभागिता को मजबूत करना है।

### हादसे का खतरा बढ़ा, तीन साल से चल रहा पुल का काम

# सड़क निर्माण में बाधक बन रहे विद्युत पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



चल रहा सड़क निर्माण कार्य।

जिले के कुकदा-रिंगनी कंजी नाला पुल निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आई है। पुल निर्माण स्थल के पास सड़क के बीच लगे बिजली के तीन खंभों को हटाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग द्वारा जनवरी माह में ही केरा सब स्टेशन बिजली विभाग के पास राशि जमा कर दी गई थी, लेकिन अब तक खंभों को नहीं हटाया गया है। इससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है और हादसे की आशंका बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में पुल के पास मिट्टी भराई का कार्य जारी है। सड़क के बीचोंबीच खंभे खड़े होने के कारण रोलर चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चालक जान जोखिम में डालकर रोलिंग का कार्य कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन बिजली विभाग इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में कंजी नाला में बाढ़ आने से इस क्षेत्र का संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है तथा मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और जरूरी कार्यों के लिए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए पुल निर्माण की स्वीकृति मिली थी, लेकिन पिछले तीन वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि नियमानुसार पुल निर्माण कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा होना था। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता के कारण निर्माण कार्य लगातार धीमी गति से चल रहा है। पुल समय पर पूरा नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**हटाने की होगी कार्रवाई**

लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। आगामी तीन से चार दिनों के भीतर सड़क के बीच लगे खंभों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-**आशीष लहरे**
असिस्टेंट इंजीनियर
सब स्टेशन केरा

## खबर संक्षेप



### उप निरीक्षक बनने पर नरेंद्र का गांव वालों ने किया स्वागत

**भैसमा।** ग्राम पंचायत कथरीमाल ग्राम भाटापारा निवासी नरेंद्र कुमार कुर्रे के उपनिरीक्षक बनने के बाद प्रथम बार अपने गृह ग्राम आने पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, परिजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, मित्रों एवं ग्रामीणों ने पुष्पमालाओं एवं जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार कुर्रे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामलाल कुर्रे, सुरेंद्र कुमार कुर्रे, श्रीमती सविता देवी, रामदयाल कुर्रे, श्रीमती बनवास कुर्रे, रामपाल कुर्रे, श्रीमती सीमा कुर्रे, मोहनलाल कुर्रे, श्रीमती रंजीता कुर्रे, राजू राजवाड़े, उप सरपंच श्रीमती उषा बाई पाटले उपस्थित रहे।

### उपडाकघर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन की सुविधा

**कोरबा।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग जिले में बालको नगर उपडाकघर में सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जिसमें समस्त आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार, अपडेशन (पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि) का कार्य करवा सकते हैं। चूंकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है, अपने बच्चों का भी बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। समस्त आम नागरिक से अपील की जाती है कि वे भारतीय डाक विभाग के द्वारा डाकघरों के माध्यम से दी जा रही आधार अपडेशन की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### श्रीमद श्रीमद भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**कोरबा।** तहसील बरपाली अंतर्गत ग्राम पंचायत सलिहाभांठा की समस्त मातृशक्ति द्वारा द्वितीय वर्ष आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भक्ति की बयार बह रही है। कथाव्यास प्रख्यात भागवत कथा आचार्य पंडित नूतन कुमार पांडेय के द्वारा भगवान लीलाधर की लीलाओं का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को भागवत कथा अमृत का रसपान कराया जा रहा है। कथा के छठवें दिवस लीलाधर की अनेक लीलाओं एवं रुक्मणी मंगल की कथाओं का संगीतमय सुंदर वर्णन किया गया। जिसे श्रवण कर श्रोता आनंद के सागर में डूब गए। तत्पश्चात संगीतमय रुक्मणी कृष्ण विवाह संपन्न कराया गया। कथा प्रांगण स्थल पर रुक्मणी कृष्ण विवाह की संगीतमय झांकी निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आठवें दिवस कथा समापन एवं चढोत्री नवमें दिवस गीता तुलसी वर्षा, हवन सहस्त्रधारा, गंगास्नान, कपिला तर्पण ,भंडारा प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा।

### ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण संकल्प

**भैसमा।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर वन विभाग के विशेष सहयोग से सामाजिक संस्था ग्राम मित्र के तत्वावधान में एक जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन करतला में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यावरणविदों, सामुदायिक संगठनों तथा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जैव विविधता संरक्षण, वन सुरक्षा, जल संरक्षण तथा पारंपरिक प्राकृतिक ज्ञान को बढ़ावा देना था। सामाजिक संस्था ग्राम मित्र के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण में ग्राम सभाओं की संवैधानिक भूमिका को रेखांकित किया।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।



न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

## कांग्रेस ने विस्थापित ग्रामीणों को मछली आखेट का अधिकार लौटाने की रखी मांग

# बांगो विस्थापितों के समर्थन में कांग्रेस का महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव बांगो बांध के विस्थापित परिवारों के समर्थन में रविवार को बुका में महासम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने विस्थापित परिवारों को बांगो बांध में मछली आखेट और बिक्री का स्वतंत्र अधिकार वापस देने की मांग उठाई।

महासम्मेलन में बांगो बांध से प्रभावित 52 गांवों के विस्थापित परिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विस्थापितों ने बताया कि वर्ष 1991 में विस्थापन के बाद शुरुआती वर्षों तक वे स्वयं मछली पकड़कर सरकार को मामूली रॉयल्टी देते थे और इसी से अपनी आजीविका चलाते थे। वर्ष 2003 में ठेका प्रथा लागू होने के बाद से उनका यह अधिकार समाप्त हो गया, जिसके खिलाफ वे लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि विस्थापित आदिवासियों के साथ मारपीट की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई आदिवासी जलाशय से मछली निकालने का प्रयास करता है, तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। श्री महंत ने कहा कि सरकार स्वयं विधानसभा में यह स्वीकार कर चुकी है कि वर्ष 2007 से लागू वनाधिकार कानून जलाशयों में मछली पकड़ने वाले आदिवासियों पर भी लागू होता है, लेकिन अब तक इस कानून का पालन नहीं किया गया है। डॉ. चरणदास महंत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द ही विस्थापितों को उनका अधिकार वापस नहीं देती, तो कांग्रेस पार्टी उनके साथ मिलकर हाईकोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 1000 हेक्टेयर से अधिक बड़े जलाशयों में मछली पालन के लिए ठेका पद्धति लागू है। वहीं आदिवासी क्षेत्रों में वनाधिकार कानून के तहत मछली संसाधनों पर पहला अधिकार आदिवासियों का माना गया है। इसके बावजूद विस्थापित परिवारों को अब तक उनका अधिकार नहीं मिल सका है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की मौजूदगी रही।



महासम्मेलन में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य।

#### पेसा कानून आज तक लागू नहीं किया : सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि वर्ष 2022 में मंत्री रहते हुए उन्होंने पेसा कानून का प्रारूप तैयार किया था लेकिन सरकार बदलने के बाद आज तक उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है।

# अहिरन नदी में मिली मृत मछलियां बारूद लगाकर विस्फोट करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पश्चिम विकास नगर क्षेत्र अंतर्गत आईबीपी प्लांट के नीचे बह रही अहिरन नदी में सैकड़ों मछलियां मृत पाई गईं। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने देर रात नदी में बारूद और विस्फोटक डालकर मछलियां मारीं, जिससे पानी में केमिकल फैल गया और बड़े पैमाने पर मछलियों की मृत्यु हो गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि विस्फोटक के प्रयोग से नदी के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से घट गई, जिसके कारण मछलियां दम घुटने से मर गईं। बच्चे और कुछ ग्रामीण मरी हुई मछलियों को नदी से बीन-बीनकर घर ले जा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय कॉलोनीवासी इस नदी के पानी को पीने समेत घरेलू कामों के लिए इस्तेमाल करते हैं। घटना के बाद पानी जहरीला हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पानी की जांच कराने और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही मरी हुई मछलियों को तुरंत नदी से हटाने की भी अपील की गई है। विस्फोटक का इस्तेमाल कर मछली मारना वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है। उन्होंने संबंधित विभाग और पुलिस से दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 5 चैन माउंटेन, 5 हाइवा, 5 ट्रेक्टर व 1 टीपर जब्त


जब्त की गई माउंटेन चैन मशीन।


जब्त ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं जांच की गई। कार्यवाही के दौरान खनिज रेत, गिट्टी एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कार्यवाही कर बरमपुर से अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रेक्टर और सर्वमंगला चौकी से गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे दो हाइवा को सर्वमंगला चौकी अभिरक्षा में रखा गया। राताखार में मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक टीपर को कार्यवाही कर जप्त किया गया। वहीं जरहा जेल बरमपुर में बसाहट समतलीकरण के लिए किए जा रहे कार्य से बिना किसी वैधानिक अनुमति के मिट्टी का उत्खनन कर परिवहन करवाने पर कार्यवाही करते हुए मौके पर स्थित चार चैन माउंटेन को जप्त कर सील किया गया। दो ट्रेक्टर को गेवरा बस्ती से मुरुम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए, कुसमुंडा थाना अभिरक्षा में रखा गया है। नरईबोध में ईंट भट्ठे से ईंट का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रेक्टर को कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया। इंदलभाटा तरदा में मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 1 ट्रेक्टर को कार्यवाही कर जप्त किया गया। वहीं उरगा में मिट्टी का अवैध परिवहन व उत्खनन करते पाए जाने पर एक चैन माउंटेन व तीन हाइवा को जप्त कर सील कर दिया गया। जप्त वाहनों को नियमानुसार कार्यवाही हेतु जिले के विभिन्न पुलिस थानों एवं खनिज जांच चौकियों में सुरक्षा अभिरक्षा में रखा गया है।

#### एक दिन में 3 जेसीबी और 16 ट्रेक्टर जप्त

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं जांच की गई। इस दौरान खनिज रेत, गिट्टी एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कुल 3 जेसीबी मशीनों एवं 16 ट्रेक्टर वाहनों को जप्त किया गया। 1 ट्रेक्टर डौकागुड़ा से, 2 ट्रेक्टर विजयपुर व 1 ट्रेक्टर सुतर्रा से तथा ईंट से भरे 1 ट्रेक्टर को आमाखोखरा से व मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे 2 जेसीबी को ग्राम बिंझरा से। वहीं रेत का अवैध परिवहन कर पौडी से आ रहे 4 ट्रेक्टर, डुमरकछार से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे 2 ट्रेक्टर व एक जेसीबी जप्त की गई है।

# अज्ञात वाहन ने तोड़ा विद्युत पोल, ग्रामीण हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एक तरफ भीषण गर्मी तो दूसरी तरफ किसी अज्ञात वाहन शनिवार रात लगभग 8.30 बजे ग्राम पंचायत भवन के किनारे लगे दो विद्युत पोल को तोड़ कर जमींदोज कर फरार हो गये हैं। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने हरदीबाजार विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी। जिसके बाद घंटों मशक्कत के बाद विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की गई। इस घटना से 55 उपभोक्ता रात के अंधेरे व गर्मी से बेहाल रहे। वहीं विद्युत विभाग को विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ा। विद्युत वितरण केंद्र हरदीबाजार ने इसकी शिकायत थाना में की है। बताया जाता है कि एक विद्युत पोल टूटता तो लापरवाही होती लेकिन लगातार दो पोल को छोड़कर जमीन पर गिरा देना जानबूझ कर किया गया प्रतीत होता है। गर्मी में बिजली बंद रहने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।


रास्ते में टूटकर पड़ा हुआ विद्युत पोल।

#### ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

ग्राम पंचायत बोईदा बस्ती गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने से बस्ती अंधेरे में डूब गया है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दिन में तपती गर्मी और रात में उमस से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी ओर बिजली बंद होने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी ना बिजली विभाग ध्यान दें रहा है और ना ही सरपंच व जनप्रतिनिधि। रात के समय सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हो रही है। लोग घरों के बाहर गर्मी से राहत पाने के लिए जागकर रात काटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

# धान खरीदी के रिकार्ड के मिलान का काम पूरा, मिलेगी कमीशन की राशि

**कोरबा।** धान खरीदी का कार्य पूर्ण होने के बाद डेढ़ माह तक चले रिकार्ड के मिलान का काम पूरा होने के बाद अब समितियों को 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमीशन की राशि दी जाएगी। जिससे समितियों के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य कार्यों में राशि खर्च की जाएगी।

जिले में इस वर्ष धान खरीदी लक्ष्य से भी कम हुई। खरीदी के बाद उनके रिकार्ड के मिलान को लेकर विपणन विभाग और सहकारिता विभाग के कर्मचारियों के द्वारा मिलान की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इस दौरान यह देखा गया कि विपणन विभाग के द्वारा किस मिलर्स को कितने क्विंटल का डीओ काटा गया और संबंधित मिलर्स को उतनी मात्रा का धान प्राप्त हुआ या नहीं। मिलर्स और समितियों के रिकार्ड के मिलान को ही धान खरीदी के बाद महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है। मिलान कार्य के दौरान समितियों से भेजे जाने वाले धान अगर संबंधित मिलर्स तक नहीं पहुंचते तो उस मामले में गड़बड़ी की आशंका मानते हुए जांच की जाती है। इस वर्ष अब तक रिकार्ड के मिलान में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दोनों विभागों को नहीं मिली है। इस वर्ष 27 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। सभी किसानों को खरीदी के एवज में भुगतान की जाने वाली राशि भी बैंकों में भेज दी गई है। रिकार्ड के मिलान के बाद समितियों को 31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमीशन की राशि जारी की जाएगी। धान खरीदी के दौरान बड़ी सहकारी समितियों जिनके द्वारा सर्वाधिक धान की खरीदी की जाती है। उन समितियों को कमीशन के रूप में एक बड़ी राशि मिलती है। इन समितियों में करतला, भैसमा, तुमान, रामपुर, नवापारा, कोरबी, सिरमिना, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, हरदीबाजार, उतरदा व जिल्गा बरपाली शामिल हैं। जहां धान की सर्वाधिक खरीदी होती है। खेती का रकबा भी इन समितियों में सर्वाधिक है। मैदानी क्षेत्र होने के कारण इन समितियों के आसपास के क्षेत्र में खेती का रकबा ज्यादा बड़ा है। वनअधिकार पत्रधारियों से भी धान खरीदी किए जाने के कारण इन समितियों में सर्वाधिक खरीदी होने लगी है।



#### कोरबा व बरपाली ब्रांच में सर्वाधिक भुगतान

जिला सहकारी बैंक की 6 शाखाओं से किसानों का लेनदेन होता है। जिनमें कोरबा और बरपाली शाखा से किसानों को सर्वाधिक भुगतान किया जाता है। इन दोनों बैंकों के अंतर्गत आने वाली समितियों में किसानों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। वहीं लेनदेन भी किसानों के द्वारा दोनों ब्रांचों से किए जाने के कारण भी भुगतान के मामले में कोरबा व बरपाली ब्रांच अन्य ब्रांचों के मुकाबले सर्वाधिक है।

### बिजली तार चोरी से ग्रामीण अंधेरे मे

**कोरबा।** कटघोरा सब स्टेशन ढेलवाडीह से संचालित देवरी फीडर अंतर्गत ढेलवा डीह जंगल से जवाली-सिंघाली पुल तक लगभग 7 से 8 किलोमीटर क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा करीब 25 से 30 बिजली पोलों के तार काटकर चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से जवाली, सिंघाली और देवरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार 14 मई को सिंघाली में सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ0ग0)**
प्र.क्र.-07/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी / 2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री ऑकिब खान की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1649625=00 (सोलह लाख उन्चास हजार छैः सौ पच्चीस रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 22.06.2026 नियत है।

अतः जो भी व्यक्ति मृतक स्व. श्री ऑकिब खान का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 22.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ0ग0)**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्र.क्र.-08/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी / 2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री किस्मत अली की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1464143=00 (चौदह लाख चौसठ हजार एक सौ तिरालिस रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 22.06.2026 नियत है।

अतः जो भी व्यक्ति मृतक स्व. श्री किस्मत अली का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 22.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित ।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ0ग0)**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्र.क्र.-09/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी / 2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री अशोक प्रहिया की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1217354=00 (बारह लाख सत्रह हजार तीन सौ चौव्वन रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 23.06.2026 नियत है।

अतः जो भी व्यक्ति मृतक स्व. श्री अशोक प्रहिया का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 23.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित ।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ0ग0)**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्र.क्र.-10/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी / 2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री रितेश कुमार की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1088144=00 (दस लाख अट्ठासी हजार एक सौ चौवालिस रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 23.06.2026 नियत है।

अत: जो भी व्यक्ति मृतक स्व. श्री रितेश कुमार का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 23.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित ।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ0ग0)**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्र.क्र.-11/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी / 2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री उपेन्द्र शाह की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1004850=00 (दस लाख चार हजार आठ सौ पचास रुपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 24.06.2026 नियत है।

अत: जो भी व्यक्ति मृतक स्व. श्री उपेन्द्र शाह का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 24.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित ।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्र.क्र.-12/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी / 2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री नदीम अन्सारी की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1441050=00 (चौदह लाख इकतालिस हजार पचास रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 22.06.2026 नियत है।

अत: जो भी व्यक्ति मृतक स्व.श्री नदीम अन्सारी का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 22.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित ।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्र.क्र.-13/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी/2026 (एफ.) डिपो.
**- सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट लिमि0 के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री करीम की दिनांक 14.04.2026 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 15.04.2026 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1544625=00 (पन्द्रह लाख चौवालिस हजार छैः सौ पच्चीस रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 22.06.2026 नियत है।

अत: जो भी व्यक्ति मृतक स्व. श्री अब्दुल करीम का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 22.06.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित ।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# दिवाली से एक हफ्ते पहले आ सकती है रामायणम

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' के मेकर्स ने एक मास्टरस्ट्रोक चला है। खबर है कि यह फिल्म अब दिवाली से एक हफ्ते पहले रिलीज हो सकती है। 30 अक्टूबर के आसपास यह सिनेमाघरों में आ सकती है। इसका कारण भी सामने आया है। वहीं, 450 करोड़ की ओटीटी डील भी चर्चा में है। नमित मल्होत्रा की 4,000 हजार करोड़ी 'रामायणम' जहां एक तरफ अपनी मोटी ओटीटी डील के कारण सुर्खियों में है, वहीं, दूसरी ओर अब इसे दिवाली से पहले रिलीज किए जाने की खबरें आ रही हैं। 'रामायणमः पार्ट 1' दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को रिलीज होनी थी, पर अब कहा जा रहा है कि मेकर्स इसे एक हफ्ते पहले रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं।

## लाइफ Style

# रंजना

## कान के अनुभव को बताया गर्व का पल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वागले की दुनिया फेम दिग्गज अभिनेता अंजन श्रीवास्तव की बेटी और थिएटर कलाकार रंजना अंजन इन दिनों अपनी पहली फिल्म चांद तारा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च हुआ।

फिल्म में रंजना, 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार तारामती का किरदार निभा रही हैं। रंजना ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, 'तारामती एक ऐतिहासिक किरदार हैं। वह कुतुब शाही दौर की 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार थीं। जो अब्दुल्ला कुतुब शाह के दरबार से जुड़ी थीं। उनके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। इसलिए उनके स्वभाव, सोच और पर्सनालिटी को समझने के लिए मुझे काफी हद तक अपने डायरेक्टर की दृष्टि और उनकी समझ पर भरोसा करना पड़ा।' जो चीज मुझे उनसे सबसे ज्यादा जोड़ती है, वो उनकी इमोशंस हैं। समय चाहे कोई भी हो, इंसान के इमोशंस नहीं बदलते। वर्षों तक मंच पर काम करते हुए जो अनुभव और सीख मिली, वही मुझे यहां तक लेकर आई। कान जैसे बड़े मंच पर अपनी पहली फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होते देखना मेरे लिए बहुत इमोशनल और गर्व का पल था। एक पल के लिए लगा कि वर्षों की मेहनत का फल मिला है। लेकिन, दिल में आज भी यही लगता है कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक नई और खूबसूरत शुरुआत है।' रंजना ने अपने पिता अंजन श्रीवास्तव से मिली सीख के बारे में भी बात की।



## हॉलीवुड मसाला



# फाइनल चैप्टर की ओर एमिली

**दिल्ली।** 'एमिली इन पेरिस' ने अपने छठे और फाइनल सीजन की घोषणा कर दी है। एक पोस्ट के साथ मेकर्स ने तय किया कि आने वाला सीजन शो का आखिरी और फाइनल सीजन होगा। 21 मई को फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू हुई और निर्माताओं ने ग्रीस से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इसका एलान किया। ऑनलाइन वायरल हो रही तस्वीरों में कई कलाकार खूबसूरत सेट पर पहुंचते नजर आए, जहां उन्होंने इस रोमांटिक कॉमेडी सीरीज के आखिरी चैप्टर की शूटिंग शुरू की।



# सिंगर दुआ ने दिग्गज टेक कंपनी पर ठोंका मुकदमा

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर दुआ लिपा ने इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दिग्गज कंपनी पर केस ठोंका है। मामला सिंगर की एक तस्वीर के बिना अनुमति इस्तेमाल से जुड़ा है। दुआ लीपा ने कंपनी के खिलाफ लीगल एक्शन लेते हुए हर्जाने में करोड़ों रुपये मांगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'सिंगर दुआ लीपा ने टेक कंपनी सैमसंग पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपए) का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के टीवी की पैकेजिंग पर उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया'। शिकायत के अनुसार, दुआ लीपा ने दावा किया कि 2024 में ऑस्टिन सिटी लिमिट्स म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान ली गई उनकी एक बैकस्टेज तस्वीर का इस्तेमाल, 2025 से शुरू होने वाले सैमसंग टेलीविजन के कई मॉडलों की पैकेजिंग पर किया गया।



# एलियन थ्रिलर समुक में आएंगे नजर...

**नई दिल्ली।** भूत बंगला की कामयाबी के बाद अब अक्षय कुमार एक और थ्रिलर फिल्म के साथ बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने की तैयारी में हैं। खिलाड़ी कुमार की नई फिल्म आ रही है जो एलियन एक्शन थ्रिलर समुक है। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म समुक भारत की पहली बड़े स्तर की एलियन थ्रिलर बताई जा रही है। फिल्म का निर्देशन सनक, इनसाइड एज और ग्लोरी जैसे प्रोजेक्ट्स बना चुके कनिष्क वर्मा करने वाले हैं, जबकि फिल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने समुक का हिस्सा बनने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, "हां मैंने यह फिल्म साइन की है। समुक की कहानी और विषय मुझे बेहद दिलचस्प लगे। एलियन थ्रिलर मेरे लिए और हमारी फिल्मों के लिए बिल्कुल नया जॉनर है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं।



# डेविड लेंगे संन्यास करण हुए भावुक...

**नई दिल्ली।** डेविड धवन ने 6 साल बाद फिल्मों में बतौर निर्देशक वापसी की, लेकिन अब वह संन्यास लेने का मन बना चुके हैं और अपनी आखिरी फिल्म के बाद रिटायरमेंट की अनाउंस करने की योजना बना रहे हैं। इस बात का खुलासा करण जौहर ने किया है। करण ने बताया है कि डेविड ने उन्हें बताया है कि वह जल्द ही संन्यास लेने वाले हैं। करण, डेविड के रिटायरमेंट की बात पता चलने पर भावुक हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कहा, 'कल जब मैं डेविड जी के सेलिब्रेशन में गया और उन्होंने मुझे बताया कि यह उनकी आखिरी फिल्म आने वाली है। तो मेरे दिल में एक मिली-जुली सी भावना उमड़ पड़ी। सोचिए, यह एक ऐसे फिल्ममेकर हैं जो फिल्मों की एक पूरी की पूरी नई शैली बनाने के लिए जिम्मेदार हैं।

## टीवी मसाला




# पहले ही टास्क में मजबूत खिलाड़ी का एविक्शन पक्का!

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शुरुआत हो गई है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में खतरनाक खेल में एक कंटेस्टेंट की बली चढ़ने वाली है। रोहित शेट्टी होस्टेड खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में इस बार पुराने खिलाड़ी भी खतरों से खेलने लौटे हैं। शो में खतरनाक गेम शुरू हो गया है और पहले टास्क में दो खिलाड़ी सेफ हो गए हैं, जबकि दो को फियर फंदा में डाला गया है। इसका मतलब है कि फियर फंदा में पहुंचने वाले दो कंटेस्टेंट्स में से कोई एक अब घर वापसी करने जा रहा है। शो से जुड़े बड़े अपडेट्स आए हैं, जो आपकी दिलतस्पी को और भी बढ़ा देगा। खतरों के खिलाड़ी 15 से जुड़े अपडेट्स देने वाले एक इंस्टाग्राम पेज ने बताया है कि शो का पहला टास्क कंप्लीट हो गया है। केप टाउन में हुए इस खतरनाक गेम में दो खिलाड़ियों ने बाजी मार ली और वह हैं बिग बॉस सीजन 19 के विनर गौरव खन्ना और फर्स्ट रनर-अप फरहाना भट्ट है। जी हां, खबरों की मानें तो दोनों खिलाड़ी पहले टास्क में सेफ हो चुके हैं। बाकी दो कंटेस्टेंट्स पर एलिमिनेशन की तलवार लटक रही है। पहले टास्क में सही परफॉर्मेंस न करने के बाद उन्हें फियर फंदा मिला है। यह कंटेस्टेंट्स हैं ओरी और ऋत्विक धनजानी हैं। कहा जा रहा है कि दोनों फियर फंदा में हैं। दोनों में से कोई भी फियर फंदा टास्क हारा तो वह एलिमिनेट हो जाएगा। इस सीजन में नए खिलाड़ियों के साथ पुराने कंटेस्टेंट्स को भी लिया गया है। शो में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।

## ओटीटी पर छाया पुरानी मूवी का नया वर्जन

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अक्सर एक न एक नई फिल्म या वेब सीरीज ट्रेंडिंग में बनी रहती है। लेकिन हैरानी तब होती है, जब कोई पुराना थ्रिलर ओटीटी पर धमाल मचा रहा होता है।



इस मामले में एक 6 महीने पुरानी फिल्म का नया वर्जन हाल ही में ऑनलाइन स्ट्रीम किया गया है, जो आते ही ऑडियंस की पहली पसंद बन गया है। आलम ये है कि अब ये फिल्म ओटीटी पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है और पूरे इंडिया में फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रही है। हाल ही में रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर पार्ट-1 का रॉ और अनदेखा वर्जन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। ओटीटी पर आते ही धुरंधर के इस नए वर्जन ने अपना कमाल दिखाना शुरू कर दिया है और ये मूवी फिलहाल नेटफ्लिक्स पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है।

# कान का हुआ समापन, अवॉर्ड के मामले में खाली रही भारत की झोली

**मुंबई।** शनिवार देर रात कान फिल्म फेस्टिवल का समापन हो गया। आखिरी दिन इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का ग्लैमरस लुक सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर छा गया। लेकिन अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली खाली ही रही। ऐश्वर्या राय हर साल कान फेस्टिवल के आखिरी दिनों में रेड कारपेट पर नजर आती हैं और सारी लाइमलाइट लूट लेती हैं। शनिवार देर रात ऐश्वर्या राय का कान फेस्टिवल से लास्ट लुक सामने आया। यह लुक अब सोशल मीडिया पर चर्चा में है। ऐश्वर्या राय व्हाइट पैंटसूट में रेड कारपेट पर छा गईं। एक तरफ जहां उनकी वजह से कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर भारत का जलवा देखने को मिला, वहीं अवॉर्ड के मामले में निराशा ही हाथ लगी। कान फेस्टिवल के आखिरी दिन ऐश्वर्या राय ने व्हाइट पैंटसूट के साथ एक फेदर लेस वाला बोआ स्कार्फ टीमअप किया था। इससे उनका लुक और भी खूबसूरत नजर आने लगा। पैंटसूट के साथ ऐश्वर्या ने डायमंड रिंग पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया था। फैंस ने भी ऐश्वर्या के इस लुक को खूब पसंद है, उन्हें कान फेस्टिवल की क्वीन कह दिया है। इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में कुछ भारतीय फिल्मों का प्रीमियर भी हुआ, इस लिस्ट में अम्मा अरियन, बालनः द बॉय, चर्डीकला, 21 सितंबर, शैडोज ऑफ द मूनलेस नाइट और स्पिरिट ऑफ द वाइल्डफ्लावर शामिल रहीं। अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली कान फिल्म फेस्टिवल में खाली ही रहीं।



# एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं फिल्म जगत के ये भाई

**मुंबई।** भाई एक ऐसा रिश्ता है, जिसके होने से एक भरोसा मजबूत होता है कि कोई संभाल लेगा। मन की जो बातें किसी दोस्त या रिश्तेदार से शेयर करने में सहज न हों, उन्हें भाई-बहन आपस में शेयर कर लेते हैं। इमोशनली इंसान थोड़ा और मजबूत होता है। तभी तो भाई के रिश्ते को सबसे खास, मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते में गिना जाता है। हम आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे ही भाइयों से रूबरू करा रहे हैं।

### भाई-बहनों पर जान छिड़कते हैं भाईजान

सलमान खान को यूं तो बॉलीवुड में भाईजान कहा जाता है। वे जिसे अपना मान लें और कोई उन्हें भाई कह दे तो फिर वे अपने सगे भाई की तरह उससे रिश्ता निभाते हैं। अपने घर में भी वे बड़े भाई की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। छोटे भाइयों-अरबाज खान और सोहेल खान के लिए वे आधी रात भी मदद को तैयार रहते हैं। सिर्फ भाई ही नहीं, दोनों बहनों-अलवीरा और अर्पिता खान शर्मा के साथ भी उनकी गजब बॉन्डिंग है।





### देओल ब्रदर्स

सनी देओल और बॉबी देओल के बीच गजब की बॉन्डिंग है। दोनों के रिश्ते में प्यार और अपनेपन के साथ-साथ सम्मान और बड़े-छोटे का लिहाज भी देखने को मिलता है। बॉबी देओल कई इंटरव्यू में खुलकर यह बात कह चुके हैं कि उनके भैया सनी देओल ने उन्हें कितना सपोर्ट किया है। अक्सर वे अपने बडे भाई और परिवार के बारे में बात करते हुए इमोशनल हो जाते हैं।

### खुराना भाई

आयुष्मान खुराना और अपारशक्ति खुराना के बीच भी कुछ ऐसा ही प्यार देखने को मिलता है। दोनों भाई इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। भाई का रिश्ता होने के साथ-साथ दोनों के बीच एक दोस्ती भी देखी जाती है।

### कौशल ब्रदर्स

अभिनेता विक्की की अपने छोटे भाई सनी कौशल के साथ शानदार बॉन्डिंग है। दोनों के बीच भाइयों वाला प्यार और अपनापन है और साथ ही दोस्ती भी है।

## 32 साल तक नहीं टूटा रिकॉर्ड, मात्र 2 लाख के बजट में कमाए 1 करोड़

# 3 साल थिएटर्स से नहीं हटी थी 80 साल पुरानी फिल्म

*__नई दिल्ली।__ 80 साल पहले बड़े पर्दे पर एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई जिसका रिकॉर्ड कोई भी फिल्म 32 साल तक नहीं तोड़ पाई। ये फिल्म 3 साल तक थिएटर में टिकी रही। इस फिल्म को बनाने में सिर्फ 2 लाख की लागत आई थी, लेकिन इसकी कमाई 1 करोड़ से भी ज्यादा थी। 1940 का दशक वह दौर था जब पूरा विश्व और भारत द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका तथा स्वतंत्रता संग्राम की हलचलों से गुजर रहा था। इसी कठिन समय में साल 1943 में एक ऐसी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसने देश के दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया। उस जमाने में फिल्मों का हफ्तों तक चलना ही बड़ी बात होती थी, लेकिन इस फिल्म ने कामयाबी के सारे पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। थिएटरों के बाहर टिकटों के लिए मीलों लंबी लाइनें लगती थीं और हर शो पूरी तरह हाउसफुल रहता था। लोग एक ही फिल्म को बार-बार देखने सिनेमाघर पहुंच रहे थे। इसी अभूतपूर्व दीवानगी की वजह से इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली 'ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर' फिल्म का दर्जा मिला। हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक फिल्म 'किस्मत' की।*



### बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई

उस दौर में अधिकांश फिल्मों का ताना-बाना एक जैसे विषयों के इर्द-गिर्द बुना जाता था, लेकिन 'किस्मत' ने एक बेहद अनोखी और साहसी कहानी पेश की। प्रतिष्ठित फिल्म निर्माण कंपनी 'बॉम्बे टॉकीज' के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन ज्ञान मुखर्जी ने किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि यह फिल्म बेहद सीमित संसाधनों और मात्र 2 लाख रुपए के मामूली बजट में तैयार की गई थी, लेकिन जब यह रिलीज हुई तो इसकी सफलता ने फिल्म समीक्षकों और निर्माताओं को चौंका दिया। उस दौर में करोड़ों की कमाई का सपना देखना भी नामुमकिन था, लेकिन 'किस्मत' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने साफ कर दिया कि यदि कहानी में दम हो तो बजट मायने नहीं रखता।

### हिंदी सिनेमा के पहले असली सुपरस्टार

इस फिल्म की अपार सफलता ने मुख्य अभिनेता अशोक कुमार को रातों-रात लोकप्रियता के उस शिखर पर पहुंचा दिया, जहां उनसे पहले कोई नहीं पहुंचा था। 'किस्मत' के बाद उन्हें हिंदी सिनेमा का पहला 'सुपरस्टार' कहा जाने लगा। फिल्म में उनके साथ मशहूर अभिनेत्री मुमताज शांति नजर आई थीं। अशोक कुमार ने फिल्म में एक ऐसे चोर का किरदार निभाया था, जो अंदर से साफ दिल का है। उस दौर के सिनेमा के लिए यह एक बिल्कुल नया और बोल्ड प्रयोग था। दर्शक उनके इस स्टाइलिश अंदाज और अभिनय के इस कदर मुरीद हुए कि सिनेमाघरों में उनके दृश्यों पर जमकर तालियां और सीटियां बजती थीं।

### बोल्ड विषय और अमर देशभक्ति गीत

'किस्मत' की कहानी अपने समय से काफी आगे मानी गई थी। फिल्म में बिना शादी के एक युवती के गर्भवती होने जैसे बेहद संवेदनशील और गंभीर मुद्दे को दिखाया गया था। समाज के एक वर्ग ने इस पर आपत्ति भी जताई, लेकिन आम दर्शकों ने इस प्रगतिशील सोच का खुलकर स्वागत किया। इसके अलावा कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया फिल्म का एक गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों, हिंदुस्तान हमारा है' जबरदस्त हिट रहा। इस गाने ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर रहे भारतीयों में देशभक्ति का नया जोश भर दिया और यह गीत हर स्वतंत्रता सेनानी की जुबान पर चढ़ गया।

### रॉक्सी सिनेमा का वो अटूट रिकॉर्ड

इस फिल्म की लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण कोलकाता का रॉक्सी सिनेमा बना। वहां यह फिल्म बिना रुके लगातार 187 हफ्तों यानी लगभग साढ़े तीन साल तक चलती रही। यह अपने आप में एक ऐसा कीर्तिमान था, जिसे अगले 32 सालों तक भारतीय सिनेमा की कोई भी दूसरी फिल्म नहीं तोड़ सकी थी। बाद में इस फिल्म की लोकप्रियता को भुनाने के लिए इसे तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रीमेक किया गया। आज आठ दशक से भी ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी 'किस्मत' को भारतीय फिल्म जगत की सबसे मील का पत्थर और ऐतिहासिक फिल्मों में बेहद सम्मान के साथ गिना जाता है।

## खबर संक्षेप

### बड़ा मंगलवार पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आज होगा सुंदरकांड पाठ



**जांजगीर-चांपा।** बड़ा मंगलवार के अवसर पर मंगलवार 26 मई को श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में सायकाल 7 बजे सेन्दुराभिषेक, 7:30 बजे महाआरती एवं रात्रि 8 बजे से सामुहिक सुन्दरकाण्डका पाठ किया जाएगा। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को विशेष महत्व रहता है, जिन्हें बड़ा मंगल या बुढवा मंगल के नाम से जाना जाता है। मान्यता है की ज्येष्ठ मास के मंगलवार को ही हनुमान जी की पहली बार भगवान श्री राम जी से मिले थे। इसीलिए इस महिने के सभी मंगलवार को बड़ा मंगलवार के रुप में मनाया जाता है। दुसरी मान्यता है की ज्येष्ठ मास के मंगलवार को हनुमान जी भीमसेन से मुलाकात हुई थी इसी दिवस भीमसेन को अपनी पुछ उठवाकर भीमसेन का गर्व भंग किया था। साल 2026 में 19 वर्ष बाद एक दुर्लभ सयोग बन रहा है, जहां ज्येष्ठ मास में 4 नहीं बल्कि पुरे 8 बड़ा मंगल आएगें , मल मास .पुरुषोत्म मास होने से दोमाह का ज्येष्ठ मास होगा आंठवां बडा मंगलवार 23 जुन को होगा चौथा बड़ा मंगलवार 26 मई को हनुमान जी के पुजन करने का शुभ मुहूंत सुबह 5 बजकर 5 मिनट से 10 बजकर 45 मिनट तक सायकाल 5 बजकर 17 मिन से 10 बजकर 44 मिनट तक हनुमान जी की विषेश पुजन सुन्दर काण्ड का पाठ हनुमान चालिसा एवं मंत्रों का जाप किया जा सकता है। इस दिवस हनुमानजी को चोलावंदन अपने नाम से अवस्य लगावें, हनुमान जी के सामने बैठ कर हनुमान चालिसा, सुन्दरकाण्ड का पाठ करे। दोपहर के समय राहगीरों को मीठा जल पान करावें, बड़ा समस्त भक्तजन अपने समस्त कष्टों के निवारण के लिए बड़ामंगलवार के दिन सायकाल समय एक सरसों तेल का दीपक लौग युक्त हनुमान जी को दीपदान करें इस दिवस हनुमान जी का अवस्य दर्शन करे।

### 23 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गौरव पथ निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**सक्ती-बाराद्वार।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगरदा में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू के प्रयासों से स्वीकृत 23.95 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सी.सी. रोड निर्माण कार्य (राम सिंह कंवर घर से मुख्य नहर तक 350 मीटर) के भूमिपूजन पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बॉम्बे लाल यादव ने की। यह निर्माण कार्य ग्रामवासियों के आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस मौके पर सुफल राम बरेठ, बहोरन साहू, गोपाल जायसवाल, श्रीमती सुलोचना प्रजापति, ऋषि श्रीवास,विनोद जायसवाल, नंदन जयसवाल,श्याम चौहान, बिजेंद्र कंवर,रामकुमार कंवर ,सियाराम साहू ,दिनेश राठौर ,दरसराम साहू , तुलेश साहू,, छत राम कंवर, भगदान केवट ,श्रीमती दिलो कंवर,श्रीमती दरश बाई कंवर, उज्जैन साहू,राम सिंह कंवर ,भागवत साहू, नेत सिंह कंवर,संतोष साहू ,शत्रुघन साहू, लक्ष्मी नारायण कंवर, धरम सिंह कंवर,याद राम साहू, राम अवतार श्रीवास, फुलसाय कंवर ,अजीत साहू , ठेकेदार देवाशीष पटेल सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### यादव ग्राम सभा की बैठक में सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

**खरौद।** छत्तीसगढ़ रतनपुरिया कनौजिया यादव समाज की खरौद ग्राम सभा की बैठक सामुदायिक भवन खाल्हे पाराखरौद में आयोजित की गई जिसमें स्वजातीय जन बहुतायत संख्या में उपस्थित हुए। बैठक का शुभारंभ यदुवंश शिरोमणि भगवान कृष्ण की समाज के वरिष्ठ सदस्यों गोपी यादव, धनसाय ,यादव ,एवं पुरुषोत्तम यादव तथा सभी उपस्थित सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना से हुआ। बैठक में मुख्य रूप से समाज उत्थान हेतु संगठन को मजबूती प्रदान करने, समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा कर उसमें सुधार करने, जन्मोत्सव विवाह एवं मृतक कर्म में मितव्ययिता पर जोर दिया गया। खरौद ग्राम सभा के सुचारू संचालन एवं आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए उपस्थित अधिकांश सदस्यों ने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। एवं ग्राम सभा को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कई सुझाव भी प्रस्तुत किये। बैठक में गुरुदेव यादव, रामराज यादव, बद्री यादव, विजय यादव,गोपी यादव, दिलीप यादव ,शिवरात्रि यादव (पूर्व महासभा पर्यवेक्षक), कोमल यादव, राजेश यादव, नारायण यादव, रामसाय(पार्षद),रामकुमार यादव, चमरू यादव, रघुवीर यादव, बहरतायादव, महेश्वर यादव (न पं उपाध्यक्ष), राधेश्याम यादव, पुरुषोत्तम यादव ,देवदत्त यादव, धनसाय यादव,(पूर्व ग्राम सभा अध्यक्ष), धर्म लाल यादव, किशोर कुमार यादव,वेद राम यादव (पूर्व महासभा प्रांतीय अध्यक्ष), छोटे लाल यादव, रामकुमार यादव ,सम्मेलन यादव, सनत लाल यादव ,फागुलाल यादव, सुदर्शन यादव ,जगदीश यादव, महेंद्र यादव ,घासीराम यादव, फागुलाल यादव, कांति कुमार, शेखर यादव ,भोलाराम यादव, प्रेमलाल यादव ,एवं हेमलाल यादव उपस्थित रहे।

फगुरम में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे 15 ग्राम पंचायत ग्रामीणजन, 135 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

# सुशासन तिहार के जरिए शासन की योजनाओं को हर गांव और जरूरतमंद तक पहुंचाने किया जा रहा का कार्य : सिदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सक्ती विकासखंड की ग्राम पंचायत लिमतरा में सोमवार 25 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। क्लस्टर लिमतरा शिविर में 15 ग्राम पंचायत लिमतरा, जेठा, भद्रीपाली, नवापाराकलॉ, सपनाईपाली, अर्जुनी, केरीबंधा, पोरथा, हरेठी, सिघनसरा, परसदाकला, बोईरडीह, सोंठी, टेमर एवं परसदाखुर्द से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 284 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 135 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष 149 आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया तथा ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर शासन की योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के जरिए शासन की योजनाओं को हर गांव और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का बेहतर मंच बन रहा है, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न विभाग ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए भी पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। शिविर में पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर ने नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन स्कैम, साइबर ठगी और अफवाहों से सतर्क रहने की भी सलाह दी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनें तथा उनका प्रभावी समाधान करें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाए। शिविर में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण, कृषि विभाग द्वारा नील हरित काई वितरण, स्व सहायता समूह को बैंक लिंकेज की राशि प्रदान की गई। साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की विषयवार जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।



शिविर में हितग्राहियों को लाभान्वित करते अतिथि।



## जैन समाज ने विभिन्न मांगों को लेकर नगर में 3 किलोमीटर पैदल चलकर निकाला मौन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

मध्यप्रदेश के रीवा में 20 मई को कार चालक की लापरवाही से आर्यिका 105 श्रुति माता एवं उपशम मति मात दो आर्यिकाओ की समाधि होने घटना के विरोध में जैन समाज द्वारा मुनि श्री 108 सुतीर्थ सागर महाराज के सानिध्य में सोमवार 25 मई को सुबह 8 बजे जैन मंदिर से मौन जुलूस निकाला गया।

मौन जुलूस के माध्यम से मध्य प्रदेश के रीवा में हुई घटना की निष्पक्ष जांच करने, संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने, संतो के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखने, प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र स्थापित करने की मांग जैन समाज के लोगों द्वारा हाथों में बैनर पोस्टर के माध्यम से रखी गई। मौन जुलूस बजरंग चौक, शास्त्री चौक ,पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक, शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट रोड, भगवान परशुराम मार्ग, मस्जिद रोड होते हुए जैन मंदिर के सामने पहुंचा। जैन समाज के लोगों द्वारा नगर में 3 किलोमीटर पैदल चलकर मौन जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन, महिला मंडल अध्यक्ष संध्या जैन, उपाध्यक्ष विमल जैन, सचिव रूपेश जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, सहसचिव राजा जैन सहित समाज की महिलाएं, युवतियां एवं जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके बाद जैन मंदिर के सामने घटना में निष्पक्ष जांच की मांग एवं अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के नाम एसडीएम सुमित बघेल एवं तहसीलदार अविनाश सिंह चौहान को ज्ञापन सौपा गया ।

■ जैन मंदिर के सामने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## ईश्वर की याद और मात पिता की आशीर्वाद से करें दिन की शुरुवात



**जांजगीर-चांपा।** होलीहंस सरोवर में आयोजित बाल संस्कार शिविर के प्रथम दिन सोमवार 25 मई को बच्चों को अच्छे संस्कार की नैतिक शिक्षा देते हुए बी के चन्द्रिका ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि हम रात्रि को सोने के पूर्व अपनी जांच कर की हुई भूल के लिए ईश्वर से क्षमा मांगना एवं आगे इस गलती को दुबारा नहीं करने का वायदा करना तथा दिनचर्या की सारी बातों को बताकर निश्चिंत होकर सोना तथा प्रातः उठते ही प्रथमतः ईश्वर की याद एवं मात पिता की आशीर्वाद से दिन की शुरुवात करें। मानसिक विकास के लिए दया, करुणा, सहनशील, क्षमा भाव आदि गुणों की आवश्यकता होती है जो केवल मन में अच्छे विचार लाने से ही हो सकता है। हमारा मन अदृश्य रूप से परम शक्ति परमात्मा से जुड़ा रहता है केवल कुछ क्षण शांत रहें तो मन में अनेक प्रकार के दिव्य गुण प्रकट होते है जो कि मन के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य केवल धन या बुद्धि से महान नहीं बनता बल्कि अच्छे गुणों व कर्मो से महान बनता है तो हमें भी सबसे गुण ही ग्रहण करना है।

## लोकतंत्र पर हुए कायराना हमले को कभी भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बस्तर के झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुई नृशंस नक्सली वारदात भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक अत्यंत दुखद एवं काला अध्याय है।

परिवर्तन यात्रा के दौरान तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्वर्गीय नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं पर किया गया यह कायराना हमला केवल कांग्रेस पार्टी पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनआवाज पर सीधा प्रहार था। इस हृदयविदारक घटना में स्वर्गीय नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय महेंद्र कर्मा,उदय मुदलियार,दिनेश पटेल सहित 32 कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का बलिदान प्रदेश और देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप ने नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय शहीद स्मारक परिसर में झीरम घाटी नक्सली हमले की 13 वीं बरसी पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कही। श्रद्धांजलि सभा में सभी शहीद नेताओं को विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके संघर्ष, समर्पण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को स्मरण किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने झीरम घाटी की इस बर्बर एवं अमानवीय नक्सली घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने झीरम घाटी के अमर शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करने, लोकतंत्र की रक्षा तथा न्याय और जनहित की लड़ाई को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन रफ़ीक सिद्दीकी ने व आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास राठौर ने किया। इस दौरान डॉ परस शर्मा, दिनेश शर्मा, विवेक सिंह सिसोदिया, रमेश पैगवार, भगवानदास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा, शिशिर द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी बबला महाराज,उत्तम पाटले, टिंकू कहरा, उमाशंकर साव, पार्षदगण प्रिंस शर्मा,अरमान खान मुस्कान परवीन, सीमाराजू शर्मा,देवकुमार पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

■ झीरम घाटी के शहीदों को जय स्तंभ प्रांगण में कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसजन।

### छत्तीसगढ़ कहरा समाज का तीन दिवसीय वार्षिक महासभा सम्मेलन शामिल होंगे वित्त मंत्री चौधरी

**शिवरीनारायण।** छत्तीसगढ़ कहरा समाज का तीन दिवसीय वार्षिक महासभा सम्मेलन 26, 27 एवं 28 मई को जांजगीर जिले के पौड़ीशंकर ग्राम में आयोजित किया जाएगा। 26 मई को कार्यक्रम का शुभारंभ छग शासन वित्त वाणिज्यकर आवास एवं पर्यावरण योजना एवं आर्थिक विभाग ओ पी चौधरी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। महासभा की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर पौड़ीशंकर में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से महासभा के कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ कहरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि महासभा में समाज के आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। महासभा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा तथा समाज के विकास, शिक्षा, संगठन विस्तार एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार राकेश, उपाध्यक्ष गेंदालाल कटकवार, संरक्षक राम गोपाल कहरा एवं गोरेलाल आदित्य, महासचिव हरिहर आदित्य, कोषाध्यक्ष कमल जलतारे, सचिव अशोक आदित्य, रवि कटकवार समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन भक्ति रस में सराबोर नजर आए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा

नगर पंचायत डभरा में वी क्लब अपराजिता डभरा एवं समस्त नगरवासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में रुक्मणी मंगल का आयोजन विधि-विधान एवं धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के दिव्य विवाह उत्सव का आनंद उठाया।

कथा स्थल कृष्णा पैलेस डभरा में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचक पं. मनोज तिवारी ने रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए तथा पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। भजन-कीर्तन एवं मंगल गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ उत्सव में सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सजावट एवं धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कथा आयोजन समिति एवं ओर वी क्लब अपराजिता डभरा के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर भोजन प्रसाद का व्यवस्थाएं किया गया था। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का उद्देश्य नगरवासियों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना है। कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कार एवं भक्ति का संदेश दिया जा रहा है।

■ श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने लिया श्रीकृष्ण विवाह का आनंद



संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान ब्यासपीठ की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने नवतपा मे राहगीरों को पिलाया गन्ना रस

**सक्ती।** छत्तीसगढ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के द्वारा नवतपा के प्रथम दिन पर भीषण गर्मी को देखते हुए तहसील परिसर के अन्तर्गत आम नागरिक,वकील, को गन्ना रस का वितरण किया गया।

जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव ने कहा कि गर्मी से बचाव और ठंडक गन्ने का रस शरीर की गर्मी और पित्त को शांत करता है। भीषण गर्मी में यह शरीर को अंदर से हाइड्रेट रखता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक शर्करा (ग्लूकोज) थकान और कमजोरी को दूर कर शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करते है।

**पाचन और डिहाइड्रेशन-** यह पेट की जलन, एसिडिटी और कब्ज में राहत देता है। धूप में पानी की कमी को पूरा करने के लिए यह सबसे बेहतरीन प्राकृतिक पेय है। सनातन धर्म में भीषण गर्मी (जैसे नवतपा या ज्येष्ठ मास) में राहगीरों, जरूरतमंदों या पक्षियों को ठंडा पानी और गन्ने का रस पिलाना बहुत पुण्य का कार्य माना जाता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, कृष्ण कुमार गबेल, प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ठाकुर, महासचिव देवांगन, प्रदेश सदस्य भुरु अग्रवाल,सोशल मिडिया सदस्य देवाशीष पटेल, उकार यादव, प्रमोद अग्रवाल, अन्नपूर्णा राठौर, सदस्य चन्द्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे।



राहगीरों एवं जरुरतमंदों को शर्बत पिलाते नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारी।

संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

# संसार में जन्म लेने वाले का मरना और पुनः जन्म लेना शाश्वत सत्य : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज मनोहर लाल सत्संग भवन, रानी रोड, चांपा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। इस दौरान आयोजक परिवार के द्वारा उनका अत्यंत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। व्यास पीठ पर विराजित पंडित दिनेश दुबे महाराज ने भी शाल, श्रीफल, पुष्प माला से राजेश्री महन्त का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- देवांगन परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन अपने परिवार के दिवंगत दिव्यात्माओं के मोक्षार्थ किया गया है। यह चिरंतन सत्य है कि इस संसार में जन्म लेने वाले का मरना और करने वाले का पुनः जन्म लेना शाश्वत सत्य है। भगवान श्री कृष्ण चन्द्र ने श्रीमद् भागवत गीता में अर्जुन को माध्यम बनाकर हम सभी के लिए कहा है कि- जातस्य ही ध्रुवो मृत्यु ध्रुवं जन्म मृतस्य च।। उन्होंने आगे कहा कि - मृत्यु को प्राप्त हुए परिजन के विषय में ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए बल्कि उनके मुक्ति का उपाय अवश्य ही करना चाहिए। ऐसा ही कार्य आप सभी के द्वारा किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। व्यास पीठ पर विराजित दुबे महाराज ने कहा कि- राजेश्री महन्त महाराज न केवल छत्तीसगढ़ में अपितु भारत वर्ष में एकमात्र महात्मा है जिन्हें राजेश्री की उपाधि अपने पूर्वाचार्यों के वंश परंपरा में प्राप्त हुआ है इसका उपयोग केवल श्री दूधाधारी मठ के महन्त ही कर सकते हैं। इस अवसर पर मनोज मित्तल, शशि भूषण सोनी, अनिल सोनी, वृंदा लाल दुबे, अजय कुमार सोनी, डॉ रमाकांत सोनी, कृष्ण कुमार देवांगन, राजेंद्र जायसवाल, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, नंद कुमार देवांगन, श्रीमती संतोषी देवांगन, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव तथा श्रोता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



भागवत आचार्य से प्रसाद प्राप्त करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज।

